# LEGISLATIVE ASSEMBLY
# NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
## Bulletin Part-I
**(Brief summary of proceedings)**
**Monday, 25 February 2019 / 06 Phalgun 1940 (*Saka*)**

**No. 98**
**02.02 PM**

**Sh. Ram Niwas Goel, Hon'ble Speaker in-Chair**

1. 2.02 PM **Obituary References :**
The House paid homage and observed two minute silence on :
I. Martyrdom of DSP Sh. Aman Thakur of Jammu & Kashmir Police and Hawaldar Sh. Sombir of Indian Army who laid down their lives in a anti-terrorist operation in Kulgam District of Jammu & Kashmir on 24 February 2019.
II. Death of 143 persons in Assam after consuming illicit liquor.

2. 2.05 PM **Ruling by the Chair :**
The Chair stated that replies to certain Questions had not been received from some Departments inspite of the directions of the Hon'ble Ministers. He reiterated that these stand referred to the Privileges Committees. The Chair further stated that Hon'ble Minister of Law had also informed that the Revenue Department had refused to submit information regarding some Questions. He stated that the power to admit or disallow a Question lies with the Speaker alone. He also directed the Committee of Privileges to examine these issues on priority.

3. 2.06 PM Sh. Vijender Gupta, Hon'ble Leader of Opposition sought to know about the fate of the Notice of Calling Attention (Rule-54) given by him.
The Chair stated that he had not allowed any Notices received from the Hon'ble Members except the business listed for the day and requested the Members not to argue about the outcome of their Notices.
Members of BJP were not satisfied with the Ruling. They stood up and started exchanging arguments with the Chair.
Not satisfied with Chair's decision, the Members of BJP walked out of the House in the protest.

4. 2.12 PM **Question Hour :**
Starred questions No. 01 & 02 were asked and replied.
Sh. Jarnail Singh & other Members were not satisfied with the reply of Starred Question No. 02 and Un-starred Question No. 57.
The Chair referred the Questions to the Questions & Reference Committee.
Starred Questions No. 04 to 10 and 13 were asked and replied to.
Replies to Starred Questions No. 03, 11, 12, 14 to 20 & Un-Starred Questions No. 01 to 67 (except 56, 62 to 66) were placed on the table.
*(2.28 PM : Sh. Manjinder Singh Sirsa, Sh. Om Prakash Sharma and Sh. Jagdish Pradhan, Members of BJP came back in the House.)*

5. 3.11 PM **Special Mention (Rule-280) :**
The following Members raised matters under Rule-280 with the permission of the Chair:
1. Sh. Ajay Dutt (Minister of Urban Development intervened)
2. Smt. Parmila Tokas (Minister of PWD intervened)
3. Sh. Shri Dutt Sharma (Minister of PWD intervened)
4. Smt. Bandana Kumari (Minister of PWD intervened)
5. Sh. Somnath Bharti (Minister of Urban Development intervened)
6. Sh. Manjinder Singh Sirsa (Minister of Urban Development intervened)
7. Sh. Jagdish Pradhan (Minister of Urban Development intervened)
8. Sh. Pawan Kumar Sharma (Minister of PWD intervened)
9. Sh. Gulab Singh (Minister of Power intervened)
10. Sh. Ajesh Yadav (Minister of PWD intervened)
11. Ms. Bhavna Gaur (Minister of PWD intervened)

6. 3.53 PM **Papers laid on the Table:**

**I. Shri Satyender Jain, Hon'ble Minister of Power** laid copies of the following on the Table of the House :

I. Annual Report of Delhi Transco Limited for 2016-17 (Hindi & English).
II. Summary of 16th Annual Report of Delhi Transco Limited for the year 2016-17 (Punjabi & Urdu).
III. Annual Accounts of Delhi Electricity Regulatory Commission for the year 2017-18 (Hindi, English, Punjabi & Urdu).

**II. Shri Kailash Gahlot, Hon'ble Minister of Transport** laid copies of the following on the Table of the House :

I. Annual Report of Delhi Metro Rail Corporation (DMRC) for the year 2017-18 (Hindi & English).
II. Annual Audit Report of Delhi Transport Corporation for the year 2016-17 (Hindi & English).
III. Profit & Loss Account and Balance Sheet of Delhi Transport Corporation for the year ending 31st March, 2017 (Hindi & English).
IV. Review for the Audit Report and Annual Accounts of Delhi Transport Corporation for the year 2016-17 (English).

**III. Shri Rajendra Pal Gautam, Hon'ble Minister of Cooperative** laid copies of the Annual Report of Delhi Co-operative Housing Finance Corporation Ltd. for the year 2017-18 (Hindi & English) on the Table of the House.

7. 3.54 PM **Presentation of Reports :**

I. **Ms. Bhavna Gaur** presented the **First Report of House Committee on Municipal Corporations in Delhi.**
II. **Sh. Som Dutt** presented the **First Report of General Purposes Committee.**

8. 3.54 PM **The Chair adjourned the House upto 4:30 PM for Tea-Break.**

9. 4.33 PM **House reassembled.**
**Hon'ble Speaker in-Chair.**

10. 4.33 PM **Presentation of Report :**

III. **Sh. Ajay Dutt** presented the **First Report of Committee on Papers Laid on the Table.**

11. 4.33 PM **Status Report of Outcome Budget - 2018-19 :**
**Sh. Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** presented the *Status Report of Outcome Budget 2018-19 (upto 31st December 2018)* (English & Hindi Version) in the House.

12. 5.42 PM **The Chair adjourned the House upto 11.00 AM on Tuesday, 26 February 2019.**

**Delhi** **C. Velmurugan**
**25 February, 2019** **Secretary**

**विधान सभा**
**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली**
**समाचार भाग–1**
**(कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख)**
**सोमवार, 25 फरवरी, 2019/06 फाल्गुन, 1940 (शक्)**

**संख्या–98**

**2.02 बजे श्री रामनिवास गोयल, माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए।**

1. 2.02 बजे **निधन संबंधी उल्लेख :**
सदन द्वारा निम्नलिखित के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई और दो मिनट का मौन धारण किया गयाः
    1. जम्मू–कश्मीर पुलिस के डी.एस.पी श्री अमन ठाकुर तथा भारतीय सेना के हवलदार श्री सोमबीर की शहादत के प्रति, जिन्होंने दिनांक 24 फरवरी 2019 को जम्मू–कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादी विरोधी अभियान में अपनी जान गंवा दी।
    2. असम में जहरीली शराब पीने से 143 लोगों की मौत।

2. 2.05 बजे **अध्यक्ष महोदय द्वारा व्यवस्था :**
अध्यक्ष महोदय ने कहा कि माननीय मंत्रियों के निर्देशों के बावजूद, कुछ विभागों से, कुछ प्रश्नों के उत्तर प्राप्त नहीं हुए। उन्होंने दोहराया कि ये सभी विशेषाधिकार समिति को सौंप दिये जायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि माननीय विधि मंत्री ने सूचित किया है कि राजस्व विभाग ने कुछ प्रश्नों से संबंधित सूचना देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि किसी प्रश्न को स्वीकार करने या अस्वीकार करने की शक्ति केवल अध्यक्ष के पास होती है। उन्होंने विशेषाधिकार समिति को इन मामलों की जांच प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश भी दिया।

3. 2.06 बजे श्री विजेन्द्र गुप्ता, माननीय नेता प्रतिपक्ष ने उनके द्वारा दी गई ध्यानाकर्षण (नियम–54) की सूचना के बारे में जानना चाहा।
अध्यक्ष महोदय ने कहा किया कि उन्होंने कार्यसूची में सूचीबद्ध विषयों के अलावा माननीय सदस्यों से प्राप्त किसी भी सूचना को स्वीकार नहीं किया है तथा सदस्यों से उनकी सूचनाओं के परिणाम के बारे में तर्क–वितर्क न करने का अनुरोध किया।
भारतीय जनता पार्टी के सदस्य व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हुए। वे खड़े हो गये तथा अध्यक्ष महोदय के साथ तर्क–वितर्क करने लगे।
अध्यक्ष महोदय के निर्णय से असंतुष्ट होकर, भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने विरोधस्वरूप सदन से बहिर्गमन किया।

4. 2.12 बजे **प्रश्न काल :**
तारांकित प्रश्न सं0 01 और 02 पूछे गये तथा उनके उत्तर दिये गये।
श्री जरनैल सिंह तथा अन्य सदस्य तारांकित प्रश्न संख्या 02 तथा अतारांकित प्रश्न संख्या 57 के उत्तर से संतुष्ट नहीं थे।
अध्यक्ष महोदय ने इन प्रश्नों को प्रश्न एवं संदर्भ समिति को सौंप दिया।

तारांकित प्रश्न संख्या 04 से 10 एवं 13 पूछे गये तथा उनके उत्तर दिये गये।
तारांकित प्रश्न संख्या 03, 11, 12, 14 से 20 तथा अतारांकित प्रश्न सख्या 1 से 67 (56, 62 से 66 को छोड़कर) के उत्तर सदन पटल पर प्रस्तुत किये गये।
*(2.28 बजे : भारतीय जनता पार्टी के श्री मनजिंदर सिंह सिरसा, श्री ओम प्रकाश तथा श्री जगदीश प्रधान सदन में वापिस आ गये।)*

5. 3.11 बजे **विशेष उल्लेख (नियम–280) :**
निम्नलिखित सदस्यों ने अध्यक्ष महोदय की अनुमति से नियम–280 के अंतर्गत विशेष उल्लेख के मामले उठाये :–

1. श्री अजय दत्त *(शहरी विकास मंत्री ने हस्तक्षेप किया)*
2. श्रीमती प्रमिला टोकस *(लोक निर्माण मंत्री ने हस्तक्षेप किया)*
3. श्री श्रीदत्त शर्मा *(लोक निर्माण मंत्री ने हस्तक्षेप किया)*
4. श्रीमती बंदना कुमारी *(लोक निर्माण मंत्री ने हस्तक्षेप किया)*
5. श्री सोमनाथ भारती *(शहरी विकास मंत्री ने हस्तक्षेप किया)*
6. श्री मनजिंदर सिंह सिरसा *(शहरी विकास मंत्री ने हस्तक्षेप किया)*
7. श्री जगदीश प्रधान *(शहरी विकास मंत्री ने हस्तक्षेप किया)*
8. श्री पवन कुमार शर्मा *(लोक निर्माण मंत्री ने हस्तक्षेप किया)*
9. श्री गुलाब सिंह *(ऊर्जा मंत्री ने हस्तक्षेप किया)*
10. श्री अजेश यादव *(लोक निर्माण मंत्री ने हस्तक्षेप किया)*
11. सुश्री भावना गौड़ *(लोक निर्माण मंत्री ने हस्तक्षेप किया)*

6. 3.53 बजे **सदन पटल पर प्रस्तुत कागज़ात :**
**I. श्री सत्येन्द्र जैन, माननीय ऊर्जा मंत्री** ने निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत की :–
क) दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड के वर्ष 2016–17 हेतु वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति)
ख) दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड के वर्ष 2016–17 हेतु 16वें वार्षिक प्रतिवेदन के सारांश (पंजाबी एवं उर्दू प्रति)
ग) दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग के वर्ष 2017–18 हेतु वार्षिक लेखा (हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति)
**II. श्री कैलाश गहलोत, माननीय परिवहन मंत्री** ने निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत की :–
क) दिल्ली मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वर्ष 2017–18 हेतु वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति)
ख) दिल्ली परिवहन निगम के वर्ष 2016–17 हेतु वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन (हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति)
ग) 31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए दिल्ली परिवहन निगम का लाभ–हानि खाता तथा बेलेंस शीट (हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति)
घ) दिल्ली परिवहन निगम के वर्ष 2016–17 हेतु लेखा परीक्षा तथा वार्षिक लेखों की समीक्षा (अंग्रेजी प्रति)
**III. श्री राजेन्द्र पाल गौतम, माननीय सहकारिता मंत्री** ने दिल्ली सहकारी आवास वित्त निगम लिमिटेड के वर्ष 2017–18 हेतु वार्षिक प्रतिवेदन की (हिन्दी एवं अंग्रेजी ) प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत की।

7. 3.54 बजे **प्रतिवेदनों का प्रस्तुतीकरण :**
**I. सुश्री भावना गौड़** ने **दिल्ली नगर निगम समिति का प्रथम प्रतिवेदन** सदन पटल पर प्रस्तुत किया।
**II. श्री सोम दत्त** ने **सामान्य प्रयोजन समिति का प्रथम प्रतिवेदन** सदन पटल पर प्रस्तुत किया।

8. 3.54 बजे **अध्यक्ष महोदय ने सदन की कार्यवाही 4.30 बजे तक जलपान अवकाश के लिए स्थगित की।**

9. 4.33 बजे **सदन पुनः समवेत हुआ।**
**अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुये।**

10. 4.33 बजे **प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण :**
**III. श्री अजय दत्त** ने **सदन पटल पर रखे गये पत्रों सम्बन्धी समिति का प्रथम प्रतिवेदन** प्रस्तुत किया।

11. 4.33 बजे **आउटकम बजट : 2018–19 की स्टेटस रिपोर्ट :**
**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के आउटकम बजट 2018–19 (31 दिसम्बर 2018 तक) की स्टेटस रिपोर्ट (हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रतियां) प्रस्तुत की।

12. 5.42 बजे **अध्यक्ष महोदय ने सदन की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 26 फरवरी, 2019 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की।**

दिल्ली
**25 फरवरी, 2019**

सी. वेलमुरूगन
सचिव